पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

——————

प्रदेशवासियों के लिए सुखद, स्वास्थयपरक और समृद्धिकारक हो नववर्ष

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊ 31 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नववर्ष के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कामना की है कि यह वर्ष सबके लिए सुखद, स्वास्थयपरक और समृद्धिकारक हो।

प्रदेशवासियों के लिए अपनी शुभेच्छा में राज्यपाल जी ने कहा है कि नववर्ष सभी के लिये सुख, समृद्धि, शांति और सौहार्द से परिपूर्ण हो। उन्होंने कोरोना महामारी की तीसरी लहर के वैश्विक खतरे के दृष्टिगत सभी लोगों को भीड़ – भाड़ से दूर रहने, मास्क का प्रयोग करने तथा कोरोना नियमों के अनुकूल व्यवहार करने की अपील की है।

राज्यपाल जी ने नववर्ष के अवसर पर राजभवन में कल 1 जनवरी, 2022 को पूर्वान्ह 11:00 से 12:00 बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगी।

————————

डॉ0 सीमा गुप्ता/राजभवन (117/44)

सम्पर्क सूत्र 8318116361